दूरभाष / फैक्स सं0 :– 9473942603
ई0–मेल :– cdupjnbsr@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।

विकास भवन, द्वितीय तल,–336 बुलन्दशहर।

**पत्रांक : 517 / यो0–1 / 40 दिनांक : 02.06.2026**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
बुलन्दशहर।

**विषयः–** **दिनांक 02.06.2026 को प्रकाशित दैनिक समाचर पत्र दैनिक भास्कर के शीर्षक ''जल जीवन मिशन से गांव का चौराहा गढढों में तब्दीलः रघुनाथपुर में ग्रामीण परेशान, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 02.06.2026 को प्रकाशित दैनिक समाचर पत्र दैनिक भास्कर के शीर्षक **''जल जीवन मिशन से गांव का चौराहा गढ्ढों में तब्दीलः रघुनाथपुर में ग्रामीण परेशान, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र''** की कटिंग **(संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें जनपद के विकासखण्ड–ऊँचागॉव की रघुनाथपुर पेयजल योजना के निर्माण कार्य पूर्ण न होने एवं निर्माण कार्य बन्द होने के सम्बन्ध में प्रकाशित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में आख्या इस प्रकार हैः–

1. **रघुनाथपुर पेयजल योजना, (ऊँचागॉव):–** अवगत कराना है कि इस पेयजल योजना का कार्य जून, 2022 में आरम्भ हुआ था। वर्तमान में अवर जलाशय एवं पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में कुल प्रस्तावित 13694 मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 12478 मी0 (पूर्ण) पाइप लाइन बिछाने का कार्य, कुल प्रस्तावित 1007 हाउस कनेक्शन के सापेक्ष 960 हाउस कनेक्शन का कार्य तथा कुल क्षतिग्रस्त 12478 मी0 मार्गों के सापेक्ष 12310 मी0 मार्गों की मरम्मत का कार्य पूर्ण किया चुका है। वर्तमान में योजना ट्रायल एण्ड रन के अन्तर्गत है तथा नियमित जलापूर्ति की जा रही है। लीकेज के कार्य मरम्मत कराये गये हैं एवं अवशेष सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।












भवदीय

(विनय)
अधिशासी अभियन्ता

**<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>**

**<u>प्रतिलिपिः</u>**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बुलन्दशहर।
2. जिला विकास अधिकारी, बुलन्दशहर।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर

होम वीडियो सर्च

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन
देश
विदेश
राशिफल

Hindi News / Local / Uttar Pradesh / Bulandshahar / Unchagaon / Raghunathpur Villagers Troubled, Write To CM | Jal Jeevan Mission Road Potholes

**जल जीवन मिशन से गांव का चौराहा गड्ढों में तब्दील: रघुनाथपुर में ग्रामीण परेशान, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

दुष्यंत कुमार राणा | ऊंचागांव(स्याना), बुलंदशहर
2 घंटे पहले



**(दैनिक भास्कर समाचार पत्र की छायाप्रति)**